wagadsandesh.com

Tital Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351541818

वर्ष-1 अंक-57 सागवाड़ा, गुरुवार,21 अक्टूबर, 2021 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## गंधवा में 65 वीं जिला स्तरीय हेंडबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

### जिले की 47 टीमें ले रही भाग

**झौथरी।** 65 वीं जिला स्तरीय हेंडबॉल खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय गंधवा में बतोर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा के सानिध्य में हुआ। समारोह के अध्यक्ष पूर्व विधायक शंकरलाल अहारी एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधान मंजुला रोत थे। अति विशिष्ट अतिथि संरक्षक डीईओ माध्यमिक अमृतलाल कलाल, सीबीईओ झौथरी सुरेश रोत, शिक्षाविद कमजी रोत , सोहनलाल रोत, नारायण लाल रोत, पूर्व सरपंच शांतिलाल रंगोत , ईश्वर लाल विहात , रामचंद्र रोत , सरपंच नारायण लाल रोत थे। आरंभ में स्वागत उद्बोधन आयोजक संस्था प्रधान नगजी यादव ने दिया। अतिथियो ने अनुशासन व खेल की भावना के साथ खेलने के लिए कहा और खेल के क्षेत्र में प्रतिभाओ को आगे आने व जिले का नाम रोशन करने को कहा। मुख्य निर्णायक लक्षमण डडर ने बताया की प्रतियोगिता के तहत जिले की छात्र व छात्रा वर्ग की कुल 47 टीमो के 507 खिलाडी भाग ले रहे है। इस दौरान ग्रामीण, निर्णायक मंडल के सदस्य , पीईईओ अधीनस्थ स्कूलो के कार्मिक सहित खिलाडी मौजूद थे।

## खाद्य सुरक्षा योजना में अपना नाम जुड़वाने आए लोग बैरंग लौटे

### सीमलवाड़ा में प्रशासन गांवों के संग अभियान शिविर का आयोजन

**सीमलवाड़ा।** प्रशासन गांव के संग अभियान का आयोजन शिविर प्रभारी उपखंड अधिकारी हनुमान राम चौधरी, तहसीलदार जगदीश चंद्र बामणिया, विकास अधिकारी मणिलाल मईडा, प्रधान कारीलाल ननोमा,जिपस वीणा कटारा के सानिध्य में हुआ। सरकार द्वारा ही पिछले 1 साल से खाद्य सुरक्षा पोर्टल तकनीकी खामी से नहीं खुलने के कारण खाद्य सुरक्षा में लाभार्थी बनने की आस लिए आये सैकड़ों लोगों को बैरंग ही लौटना पड़ा। शिविर प्रभारी एसडीएम हनुमान राम चौधरी को सहायक अभियंता एवीवीएनएल हर्षद पंचाल ने रिपोर्ट देकर बताया कि सीमलवाड़ा से मांडली तक बन रही सीसी सड़क जहां पर पूर्व में निगम के पोल लगे हुए थे, रोड चौड़ा करने को लेकर बिना निगम को शिफ्टिंग करने की डिमांड जमा कराए बगैर विद्युत पोल को रोड के अंदर ले लिया। वहीं सड़क पर भराई कार्य करने से पोल की लाइने नीचे हो गई है। जिस वजह से भविष्य में उक्त लाइने बसे आदि को छू जाने से बड़ा हादसा हो जाने का अंदेशा जताया। जिस पर शिविर प्रभारी द्वारा पीडब्ल्यूडी एईएन रतनलाल कलासुआ को तुरंत प्रभाव से विभागीय प्रक्रिया पूर्ण कर लाइन को खिसकाने के निर्देश दिए।

# मेडिकल कॉलेज में स्टूडेंट विवाद- दोनों पक्षों के 10 एमबीबीएस स्टूडेंट पाबंद

## दोनों के क्रोस केस में अलग से होगी कार्रवाई

**डूंगरपुर।** मेडिकल कॉलेज में थर्ड ईयर और सेकंड ईयर के एमबीबीएस स्टूडेंट में मारपीट के बाद अब विवाद गहराता जा रहा है। दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर पुलिस ने केस दर्ज करते हुए 10 छात्रों को पाबंद करवाते हुए आगे से विवाद नहीं करने के लिए पाबंद किया है। वहीं दोनों के क्रोस केस में पुलिस अलग से कार्रवाई करेगी। डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज में सेकंड ईयर के छात्र मयंक खराड़ी से थर्ड ईयर के 9 छात्रों द्वारा लातों-घूसों व लट्ठ से पिटाई की घटना के बाद से माहौल गर्माया हुआ है। वहीं 5 दिन पहले ही थर्ड ईयर के छात्र सुनील बंसल के साथ सेकंड ईयर के छात्र मयंक समेत 4 स्टूडेंट में मारपीट की रिपोर्ट भी सदर थाने में दी थी। पुलिस ने दोनों ही मामलों में अलग-अलग केस दर्ज कर लिए है। वहीं घटना के बाद आज गुरुवार को भी माहौल गर्माया रहा। डीएसपी मनोज सामरिया के नेतृत्व में सदर थानाधिकारी हजारीलाल की ओर से दोनो पक्षो के स्टूडेंट को बयान दर्ज करवाने व वार्ता के लिए बुलाया गया। छात्रों के दोनों गुटों को पुलिस ने आमने-सामने बैठाकर आगे से लड़ाई-झगड़ा नही करने के लिए पाबंद करवाया।



### मेडिकल कॉलेज प्राचार्य भी पंहुचे सदर थाने ओर ली जानकारी

स्टूडेंट में मारपीट की घटना के बाद दर्ज मामलों की जानकारी लेने मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ श्रीकांत असावा और अनुशासन कमेटी के प्रभारी डॉ अजय परमार सदर थाने पंहुचे। थाने में डीएसपी मनोज सामरिया, सीआई सदर हजारीलाल मीणा, कोतवाली सीआई दिलीपदान के साथ घटनाक्रम को लेकर चर्चा की गई।

प्राचार्य ने बताया कि घटनाक्रम को लेकर अनुशासन कमेटी पूरी रिपोर्ट तैयार करेगी, जिसमें दोनों स्टूडेंट पक्ष को भी जाना जाएगा। इसके बाद मामले में निर्णय किया जाएगा।

डीएसपी मनोज सामरिया ने बताया कि दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर केस दर्ज करते बुरे जांच हेड कांस्टेबल जयसिंह की ओर से की जा रही है, जिसमें अलग से कार्रवाई की जाएगी।

## सीएलजी की बैठकों में लोगों ने उठाया पॉवर बाइक का मुद्दा, एक्शन में आई पुलिस, सड़को पर तेज रफ्तार दौड़ रही 50 से ज्यादा पॉवर बाइक पकड़ी



**डूंगरपुर।** सीएलजी और शांति समिति की बैठकों में पॉवर बाइक की मुद्दे उठने के बाद अब पुलिस पावर बाइक के खिलाफ सख्त एक्शन में है। डीएसटी और कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को सड़कों पर तेज रफ्तार दौड़ रही 50 से ज्यादा पॉवर बाइक को जब्त कर थाने में रखवाई है। अब इन बाइक चालको से उनके दस्तावेज लेकर जांच की जा रही है। दीवाली के त्यौहार से पहले जिला स्पेशल पुलिस टीम और कोतवाली ने मिलकर पॉवर बाइक के खिलाफ अभियान छेड़ दिया है। कोतवाली थानाधिकारीओर डीएसटी प्रभारी दिलीपदान चारण ने बताया कि सीएलजी बैठकों में सदस्यों ने सबसे ज्यादा पॉवर बाइक का मुद्दा उठाया था। पावर बाइक चालको द्वारा तेज रफ्तार से बाइक चलाने और स्टंट करने की लगातार शिकायते भी मिल रही थी। इस पर पुलिस ने गुरुवार से कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस। के हॉस्पिटल मोड़, साबेला बायपास ओर सिंटेक्स चौराहा पर चेक पॉइंट लगाते हुए पुलिस ने बिना नंबर, बिना हेलमेट ओर तेज रफ्तार से आने वाले बाइक सवारों को रोककर उनके दस्तावेज मांगे ओर जिन बाइक चालको के पास दस्तावेज नहीं मिले उनकी बाइक को जब्त कर लिया गया। वहीं पुलिस को देखकर कई पॉवर बाइक चलाने वालों ने रास्ता बदलकर दूसरे गली के रास्तो से होकर गुजरे।

सीआई दिलीपदान ने बताया कि त्योहारी सीजन के चलते बाजारों में भीड़ रहने की संभावना है। ऐसे में दीवाली तक यह अभियान जारी रहेगा। वहीं पॉवर बाइक से कई बार चैन स्नेचिंग जैसी घटनाएं करने के बाद बदमाश रफूचक्कर हो जाते है। ऐसे में पुलिस पावर बाइक के खिलाफ अभियान चलाकर इस तरह की घटनाओं पर भी अंकुश लगाने का प्रयास कर रही है।

## पोहरी पटेलान में जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ

### जिले की 27 टीमे ले रही भाग

**झौथरी।** 65 वीं जिला स्तरीय छात्र व छात्रा हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय पोहरी पटेलान में बतोर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद व एआईसीसी सचिव ताराचंद भगोरा के सानिध्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्ष संरक्षक जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक अमृतलाल कलाल एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधान मंजुला रोत व अति विशिष्ट अतिथि संरक्षक सीबीईओ सुरेश रोत , जिपस रामदेव डामोर , किशोरीलाल पाटीदार, मनोहर सिह राठौड , आरपी कांतीलाल खराडी , सरपंच भीमराज डामोर , उपसरपंच हरिसिह राठौड , गजराज सिह चारण थे। आरंभ में स्वागत उद्बोधन पीईईओ हमराज सिह चौहान ने दिया। बतोर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा ने खेल की भावना व अनुशासन के साथ खेलते हुए खेल के क्षेत्र में जिले का नाम रोशन करने को कहा। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि कोरोना काल में बच्चो की पढाई प्रभावित हुई है। सभी शिक्षक बच्चो की पढाई की ओर विशेष ध्यान देकर अच्छे नागरिक तैयार करे। उन्होंने शिक्षकों की कमी व विधालय में संसाधन की कमी को जल्द दूर करवाने को आश्वस्त किया। मुख्य निर्णायक लालूराम कटारा ने खेलकूद प्रतियोगिता का प्रतिवेदन पेश कर बताया की प्रतियोगिता में सिनीयर व जुनियर छात्र व छात्रा वर्ग की जिलेभर की कुल 27 टीमो के 456 खिलाडी ने भाग लिया। उद्घाटन मैच में पोहरी पटेलान ने चौकी को 2-1 से हराया। इस दौरान प्रभारी पीईईओ हमराज सिह चौहान, पीईईओ नानालाल आमलीया, आयोजक कार्यवाहक संस्था प्रधान महेंद्र कुमार डामोर, पूर्व सरपंच शिवलाल डामोर, पंकज पाटीदार, अरजी अहारी , धुलजी रावल, रमेश अहारी , दिनेश पाटीदार,भगवती प्रसाद, दिनेश सरपोटा सहित पंचायत कोरम ,ग्रामीण व निर्णायक मंडल की टीम मौजूद थे।

## पालिका चेयरमेन खोडनिया सहित सागवाड़ा गलियाकोट प्रधान का हुआ सम्मान






**डूंगरपुर।** इमर्जिंग राजस्थान 2021डूंगरपुर की उन शख्सियतों को जी राजस्थान का सलाम,जिले को जिन पर है अभिमान कार्यक्रम आयोजित हुआ । जिला मुख्यालय पर एक निजी होटल में जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ओला, पुलिस अधिक्षक सुधीर जोशी और सीईओ अंजली राजोरिया के आतिथ्य में कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों समाज सेवको, अधिकरीयो व कर्मचारीयो का विकास कार्य व कोरोना समय मे किये गये कार्यो को लेकर संम्मान किया गया। सागवाडा पालिका से पालिकाध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया, अधिशासी अधिकरी मुकेश मोहिल व अक्षय सेवक का सम्मान हुआ। वहीं सागवाड़ा पंचायत समिति से प्रधान ईश्वर सरपोटा, विकास अधिकारी सुनील शाह, गलियाकोट पंचायत समिति से प्रधान जयप्रकाश पारगी का सम्मान किया गया ।

वही जागरण जन सेवा संस्थान से मूलचंद लोढा, समानता मंच में संरक्षक दिग्विजयसिंह , सपना फाउंडेशन से राहुल सेवक का सम्मान किया गया। सरपंच संघ से कैलाश रोत और पीपी एज्युकेशन से प्रकाश पंचाल का सम्मान किया गया।

## राज्य कार्मिकों को दिवाली के अवसर पर महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत बढ़ोतरी और तदर्थ बोनस की घोषणा

**जयपुर।** राज्य कार्मिकों को दिवाली के अवसर पर महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत बढ़ोतरी और तदर्थ बोनस के रूप में दोहरी सौगात दी है। केंद्र सरकार के कर्मचारियों के अनुरूप ही राज्य कर्मचारियों के महंगाई भत्ते तथा पेंशनर्स को देय महंगाई राहत की दर में तीन प्रतिशत बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। अब राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को 1 जुलाई 2021 से 31 प्रतिशत महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत दर देय होगी। पूर्व में राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को 28 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जा रहा था। इस निर्णय का लाभ राजस्थान सिविल सेवा (पुनरीक्षित वेतन) नियम-2017 के आधार पर वेतन प्राप्त कर रहे करीब 8 लाख अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ ही 4 लाख 40 हजार पेंशनर्स को भी मिलेगा। यह लाभ राज्य कर्मचारियों के अतिरिक्त कार्य प्रभारित, पंचायत समिति तथा जिला परिषद के कर्मचारियों को भी देय होगा। कर्मचारियों की 1 जुलाई, 2021 से 30 सितंबर, 2021 तक बढ़े हुए महंगाई भत्ते की राशि उनके सामान्य प्रावधायी निधि, सामान्य प्रावधायी निधि-2004 या सामान्य प्रावधायी निधि-एसएबी खाते में जमा की जाएगी। माह अक्टूबर, 2021 के वेतन से इसका नकद भुगतान किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी की घोषणा किए जाने के साथ ही राज्य कर्मचारियों के महंगाई भत्ते की दर में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने का निर्णय किया है। राज्य सरकार इस बढ़ोतरी पर सालाना करीब 1230 करोड़ रूपए का वित्तीय भार वहन करेगी।

## मुस्कान संस्थान बालिका गृह से 21 दिन बाद भागी 17 साल की नाबालिग रैप पीड़िता, 30 फिट ऊंची जाली से बेड शीट व साड़ी की रस्सी बनाकर उतरी

**डूंगरपुर।** शहर के मुस्कान संस्थान बालिका गृह से बुधवार आधी रात को एक 17 साल 2 माह की रैप पीड़िता भाग गई। बालिका बीएड शीट ओर साड़ी से रस्सी बनाकर जाली के जरिये उतर भाग गई। बालिका के भागने के बाद मुस्कान संस्थान के साथ ही पुलिस में हड़कंप मच गई और काफी तलाश के बावजूद 12 घंटे से उसका पता नहीं लग सका है।

दरअसल दोवड़ा थाना क्षेत्र के गांव के व्यक्ति ने उसकी 17 वर्ष 2 माह की नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म का केस दर्ज करवाया था। इस मामले में पुलिस ने 30 सितंबर को नाबालिग बालिका को दस्तयाब करने के बाद बाल कल्याण समिति के सामने पेश किया था। बालिका के अपने परिजनों के साथ जाने से मना करने पर बाल कल्याण समिति के आदेश पर बालिका को उसी दिन मुस्कान संस्थान बालिका गृह में रखा गया। उसके बाद से बालिका मुस्कान संस्थान में रह रही थी। बालिका गृह की केयर टेकर मनीषा पंड्या निवासी भीलूड़ा ने कोतवाली थाना पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया है कि बुधवार रात को खाना खाने के बाद सभी बालिकाएं कमरों में सोई हुई थी। बालिका गृह की सभी लड़किया गहरी नींद में सोई थी। उसी समय रात करीब 12 बजकर 25 मिनट पर रैप पीड़ित नाबालिग उठी और बेड़ शीट व साड़ी से लंबी रस्सी बनाकर जाली से बांध दी। रस्सी को मैन सड़क की ओर डालकर उसके सहारे उतर गई और भाग गई। लड़की के भागने का पता लगते हो मुस्कान संस्थान में हड़कंप मच गया। केयर टेकर ने सूचना मुस्कान संस्थान के डायरेक्टर भरत नागदा को दी। सूचना पर कोतवाली थाने से एएसआई शंकरलाल मय जाब्ता मोके पर पंहुचे ओर घटना की जानकारी ली। केयर टेकर मनीषा पंड्या की रिपोर्ट पर बालिका गृह से बालिका के भागने का परिवाद दर्ज कर लिया। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने बालिका के गृह थाना दोवड़ा को भी सूचना दे दी ताकि बालिका के अपने घर जाने पर पता लगाया जा सके। बालिका के भागने के 12 घंटे का समय हो चुका है। लेकिन उसका पता नहीं लग सका है और पुलिस तलाश में जुटी है।

# डॉक्टरो और नर्सिंग कर्मियों का भाजपाइयों ने जताया आभार

## भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु शर्मा का स्वागत हुआ

**सागवाड़ा।** भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु शर्मा के पहली बार डूंगरपुर जिले में आगमन पर सागवाड़ा में युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कल्पेश भारती के नेतृत्व में युवा मोर्चा डूंगरपुर के कार्यकर्ताओं का आतिशबाजी कर स्वागत किया। इस दौरान गोल चौराहे पर प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु शर्मा को कार्यकर्ताओ ने फूल मालाओं से स्वागत करते हुए गाजे बाजे के साथ कार्यक्रम स्थल पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय अस्पताल परिसर में लेकर गए। वेक्सिनेशन को सफलता पूर्वक पूर्ण करने पर मानव श्रृंखला बनाकर पीएम का धन्यवाद अर्पित किया। इस दौरान




बार बार मोदी है तो मुमकिन है के नारों के साथ भारत माता की जय के जयकारे लगे। कार्यक्रम के बाद सागवाड़ा केसरकारी चिकित्सालय के डॉक्टरो और नर्सिंग कर्मियों का प्रदेशाध्यक्ष हिमांशु शर्मा ने धन्यवाद और आभार जताया। कार्यक्रम में डूंगरपुर बाँसवाड़ा के सांसद कनकमल कटारा, पूर्व जिलाध्यक्ष हरीश पाटीदार,नगर प्रभारी सुरेश फलोजिया, बाँसवाड़ा युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपसिंह वसुनिया,डूंगरपुर जिलाध्यक्ष कल्पेश भारती एवं कार्यक्रम के मुख्य अथिति हिमांशु शर्मा ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए अपना उदबोधन प्रस्तुत किया और मोदी जी को धन्यवाद ज्ञापित किया ,इस अवसर पर युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री रामकेश मीणा, जिला महामंत्री देवीसिंह चौहान,अमित टेलर,युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दशरथ खटीक , युवा मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष वैभव पाटीदार, प्रियंक भासरिया, यश सुथार,विकास उपाध्याय, महेंद्र सिंह,चिराग मेहता, किरीट जोशी,भावेश माली मौजूद थे। संचालन युवा मोर्चा जिला महामंत्री देवीसिंह चौहान ने किया और आभार दशरथ खटीक ने किया।

## शहीद पुलिसकर्मियों के सम्मान में हवाई फायर कर दी सलामी, शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि दी, शहीदों की याद में किया पौधरोपण

**डूंगरपुर।** जिला मुख्यालय पर रिज़र्व पुलिस लाइन परिसर में आज गुरुवार को पुलिस शहीद दिवस मनाया गया। एसपी समेत पुलिस अधिकारियों ने शहीद पुलिसकर्मियों को याद करते हुए पुष्पांजलि दी।

हवाई फायर करते हुए सलामी दी गई और फिर उनकी याद में पौधरोपण किया गया। शहीद दिवस ओर अवसर पर पुलिस लाइन में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल मीणा ने शहीद



स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित किए। इसके बाद सभी पुलिस अधिकारियों व जवानों ने भी शहीद पुलिसकर्मियों को पुष्प चढ़ाए। इस अवसर रिजर्व पुलिस लाइन के संचित निरीक्षक के नेतृत्व में परेड की सलामी दी गई।

इस अवसर पर एसपी सुधीर जोशी ने सालभर में शहीद हुए पुलिस अधिकारियों व जवानों क नाम पढकर सभी शहीदों को नमन किया। वही लाइन के जवानों ने हवाई फायर कर शहीदों को सलामी दी गई। हवाई फायर से दनादन की आवाज गूंजने लगी। इसके बाद एसपी सुधीर जोशी कार्यक्रम में मौजूद रिटायर्ड पुलिसकर्मियों से मिले और उनकी समस्याएं सुनते हुए समाधान का भरोसा दिलाया। इस अवसर शहीद पुलिसकर्मियों की याद में पुलिस लाइन परिसर में पौधरोपण किया गया और उनकी सार संभाल के लिए जिम्मेदारी दी गई। वहीं उन्होंने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया।